20 करोड़ के कार्य जल्द पूर्ण कराए जाएं

# अवैध कॉलोनियों को वैध करने की शुरुआत रतलाम से ही हो



रतलाम. शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह को नया कानून बनाने पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रदेश में अनाधिकृत कॉलोनियों को अधिकृत करने के कार्य की शुरुआत रतलाम से करने का मंगलवार को अनुरोध किया। उनके अनुसार वर्ष 2016 में भी अवैध कालोनियों को वैध करने की शुरुआत रतलाम से ही हुई थी, जो कि वर्ष 2018 में कांग्रेस शासन काल के दौरान हाईकोर्ट के फैसले के कारण के रोक दी गई थी।

## विकास कार्य शुरू हो

विधायक काश्यप भोपाल में नगरीय क्षेत्र में बेहतर कालोनाईजेशन तथा विकास विषय पर आयोजित कार्यशाला में कहा कि 2016 में सर्वप्रथम रतलाम से अवैध कॉलोनियों के वैधकरण की शुरुआत हुई थी, लेकिन वर्ष 2018 के हाईकोर्ट के फैसले के बाद राज्य की जिन अवैध कालोनियों में टेंडर होने के बाद भी विकास के कार्य बंद कर दिए गए थे, उन्हें तुरंत शुरू किया जाए। रतलाम में बीस करोड़ के टेंडर के बाद प्रारम्भ हुए काम अभी बन्द पड़े हैं, उन्हें भी तुरंत शुरू किए जाए। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों में विकास कार्य के लिए स्टांप ड्यूटी के साथ वसूल किए जाने वाले नगरीय उपकर की राशि दी जा सकती हैं। नगर निगम के ही 50 करोड़ का भुगतान भी अभी तक नहीं हुआ है।

## 1 माह में बनेंगे नियम

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि कार्यशाला में आए सुझावों पर विचार करने के लिये विशेषज्ञों की कमेटी गठित की जाएगी, जो एक माह में अपनी रिपोर्ट देगी। इस रिपोर्ट के आधार पर नियम बनाए जाएंगे। नियम बनते ही कालोनियों के नियमितकरण की कार्रवाई शुरू होगी।

पत्रिका 17/8/21

**कलेक्टर कार्यालय में हुई बैठक में शहर की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई**

# यातायात सुधार के लिए टास्क फोर्स देगी रिपोर्ट



रतलाम. शहर में यातायात व्यवस्था के सुधार तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में यातायात उपसमिति की बैठक आयोजित हुई। कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित उक्त बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि अधिकारियों की टास्क फोर्स शहर की विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में अपनी अनुशंसा से अवगत कराएं।

यातायात की व्यवस्थाओं के लिए कलेक्टर ने 31 अगस्त तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात टास्क फोर्स से कही है। जिला यातायात समिति के अनुमोदन के बाद इस पर अमल किया जाएगा। बैठक में रतलाम शहर में सब्जी व्यवसायियों की युक्तियुक्त ढंग से बैठक व्यवस्था पर विचार किया गया। इस बात पर जोर दिया गया कि मुख्य मार्गों पर सब्जियां विक्रय नहीं हो। इस संबंध में कुछ स्थान चिन्हित किए जाएंगे। वहीं ऑटो चालकों, मैजिक चालकों को परिचय पत्र और आईडी नंबर देने, मुख्य बाजारों को हाकर फ्री करने पर भी विचार किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, एएसपी सुनील पाटीदार और एडीएम जमुना भिड़े भी मौजूद रहीं। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, एएसपी सुनील पाटीदार, आरटीओ दीपक माझी, सीएसपी हेमंत चौहान, नगर निगम के उपायुक्त विकास सोलंकी तथा एमपीआरडीसी के अधिकारी उपस्थित थे।

पत्रिका 19/8/21

## यातायात सुधार के लिए टॉस्क फोर्स बनाया

रतलाम | यातायात व्यवस्था में सुधार व नई व्यवस्था करने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने टॉस्क फोर्स बना दिया है। यह फोर्स ट्रैफिक व्यवस्था का सर्वे कर जरूरी सुधार और इंतजामों के संबंध में 31 अगस्त तक रिपोर्ट देगी। इसमें सब्जी मंडियों को नई जगह शिफ्ट करे, ऑटो व मैजिक चालकों के परिचय पत्र और आईडी नंबर देने, बाजार को हॉकर फ्री करने, सिग्नल सुधार, नो व्हीकल जोन, हाईवे पर डार्क स्पॉट, हाई मास्ट, सोलर पैनल लगाने सहित अन्य बिंदु शामिल हैं। इसे लेकर बुधवार को यातायात उपसमिति की बैठक कलेक्टोरेट में हुई। कलेक्टर कुमार ने निर्देश दिए टॉस्क फोर्स कि रिपोर्ट को जिला यातायात समिति में अनुमोदन के लिए रखा जाएगा।

दै. भास्कर 19/8/21

# वर्षभर होंगे विभिन्न आयोजन

## रतलाम में अमृत महोत्सव के लिए शहर विधायक ने प्रबुद्धजनों के साथ की चर्चा

**रतलाम ▪ राज न्यूज नेटवर्क**




भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होना हर देशवासी के लिए गौरवपूर्ण है। रतलाम में भी स्वतंत्रता का 75 वां वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में गरिमामय आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए विधायक चेतन्य काश्यप ने प्रबुद्धजनों शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय वाते, शिक्षाविद डॉ.मुरलीधर चांदनीवाला, प्रोफेसर प्रदीपसिंह राव, निर्मल लुनिया को आमंत्रित कर चर्चा की।

चर्चा के दौरान पूरे वर्ष विभिन्न वर्गों के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के साथ-साथ अमृत महोत्सव रतलाम के नाम से समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। समिति स्वतंत्रता के आंदोलन में रतलाम की भूमिका विषय पर विशेष आयोजन करेगी। विधायक श्री काश्यप ने कहा कि अमृत महोत्सव पूरे देश में आयोजित हो रहा है। रतलाम में भी इसकी गरिमा अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अमृत महोत्सव के तहत बुद्धिजीवियों, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करने के साथ-साथ स्वतंत्रता से जुडी स्मृतियों पर केंद्रित व्याख्यान एवं प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। स्वाधीनता संग्राम सैनानियों पर आधारित परिचर्चा का आयोजन भी होगा। श्री काश्यप ने कहा कि अमृत महोत्सव के तहत होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु समिति का गठन जल्द किया जाएगा। समिति द्वारा अक्टूबर माह से अमृत महोत्सव के आयोजनों की शुरूआत की जाएगी।

राजएक्सप्रेस 19/8/21

# सागोद रोड़ रेलवे पुलिया के चौड़ीकरण से पूर्व हटाए गए 54 पेड़, बदला क्षेत्र का नजारा



रतलाम। बाजना बस स्टैंड-वरोठ माता मंदिर फोरलेन के बीच स्थित सागोद रोड रेलवे पुलिया भी फोरलेन के अनुसार जल्द ही चौड़ी हो जाएगी।बीते चार दिनों के भीतर चौड़ीकरण से पूर्व निर्माण के बीच आने वाले 54 पेड़ो को हटाया गया। जिसके बाद उक्त क्षेत्र का नजारा ही बदल गया। वही सम्पूर्ण निर्माण होने के बाद इस क्षेत्र का नजारा बिल्कुल बदल जायेगा।

जानकारी के अनुसार यह काम करने वाली गुजरात की रिपॉल कंस्ट्रक्शन की मशीनें भी आ गई हैं। पुलिया के आसपास के 54 पेड़ काटकर हटा दिए हैं। इसके बदले पलसोड़ी में बन रहे नगर निगम के वर्कशॉप परिसर में 270 पौधे रोपे हैं। बुधवार से रिटेनिंग वॉल के लिए खुदाई शुरू हो जाएगी। मुख्य हिस्सा टूटने की स्थिति में आने के बाद इससे होकर गुजरने वाले यातायात को डायवर्ट किया जाएगा।

लगभग 3.6 किमी लंबी सड़क डेढ़ साल पहले ही फोरलेन में तब्दील हो चुकी है। पुलिया के नीचे से गुजरने वाली पटरी के ऊपर वाला मुख्य हिस्सा बनाने की अड़चन के कारण इसका चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा था।

प्रसारण 19/8/21

# शहर की यातायात व्यवस्थाओं के संबंध में प्रशासन ने सुध ली

रतलाम ● यातायात व्यवस्था के सुधार तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में यातायात उपसमिति की एक बैठक आयोजित हुई। कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित उक्त बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि अधिकारियों की टास्क फोर्स शहर की विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में अपनी अनुशंसा से अवगत कराएं तथा 31 अगस्त तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिला यातायात समिति के अनुमोदन पश्चात अमल किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुनील पाटीदार, जिला परिवहन अधिकारी श्री दीपक माझी, सीएसपी श्री हेमंत चौहान, नगर निगम के उपायुक्त श्री विकास सोलंकी तथा एमपीआरडीसी के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में रतलाम शहर में सब्जी व्यवसायियों की युक्तियुक्त ढंग से बैठक व्यवस्था पर विचार किया गया। इस बात पर जोर दिया गया कि मुख्य मार्गों पर सब्जियां विक्रय नहीं हो। इस संबंध में कुछ स्थान चिन्हित किए जाएंगे। ऑटो चालकों, मैजिक चालकों को परिचय पत्र और आईडी नंबर देने, मुख्य बाजारों को हाकर फ्री करने पर भी विचार किया गया।

स्वदेश 19/8/21

# 4411 ने दिया शपथ पत्र, 161 ने किया स्थायी पर्ची का दावा

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत छूटे हुए गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हितग्राहियों से पात्रता संबंधी शपथ पत्र के आधार पर जिले में 4411 परिवारों के सदस्यों को अस्थायी पात्रता पर्ची जारी कर अगस्त महीने तक का राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इन सभी हितग्राहियों को स्थायी पर्ची जारी करने की प्रक्रिया भी चल रही है। इसके लिए पात्रता श्रेणी संबंधी दस्तावेज एवं सभी सदस्यों के आधार नंबर स्थानीय निकायों को 31 अगस्त तक उपलब्ध कराना है।

पर्ची जारी करने की प्रक्रिया जुलाई महीने से शुरू होने के बाद अभी तक 161 ने दस्तावेज जमाकर स्थायी पर्ची के लिए दावा किया है। पहले 31 जुलाई तक ही दस्तावेज जमा होने थे, लेकिन शासन स्तर एक महीने का समय बढ़ाया गया है। 31 अगस्त तक दस्तावेज जमा नहीं हुए तो एक सितंबर से राशन नहीं मिलेगा और अस्थायी पात्रता पर्ची निरस्त हो जाएगी।

जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी ने कहा कि सभी ऐसे हितग्राही, जिनको अस्थायी पात्रता पर्ची जारी की गई है, वे पात्रता संबंधी दस्तावेज निर्धारित समय अवधि में जमा कराकर योजना का लाभ लें।

**ये है जिले की स्थिति**

- जून में जारी अस्थायी पात्रता पर्ची- 651
- जुलाई में जारी अस्थायी पात्रता पर्ची- 3760
- स्थायी पात्रता पर्ची के लिए कुल आवेदन - 161
- नगर निगम क्षेत्र में स्थायी पर्ची के लिए आवेदन- 30

नईदुनिया / 19/8/21

# यातायात सुधार, शहरी व्यवस्था के लिए टास्क फोर्स रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी

**रतलाम। रतलाम शहर में यातायात व्यवस्था के सुधार तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में यातायात उपसमिति की एक बैठक आयोजित हुई। कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित उक्त बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।**

## ▸ यातायात उपसमिति की बैठक हुई, व्यवस्था को लेकर की चर्चा



कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि अधिकारियों की टास्क फोर्स शहर की विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में अपनी अनुशंसा से अवगत कराएं। आगामी 31 अगस्त तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिला यातायात समिति के अनुमोदन पश्चात अमल किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, जिला परिवहन अधिकारी दीपक माझी, सीएसपी हेमंत चौहान, नगर निगम के उपायुक्त विकास सोलंकी तथा एमपीआरडीसी के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में रतलाम शहर में सब्जी व्यवसायियों की युक्तियुक्त ढंग से बैठक व्यवस्था पर विचार किया गया। इस बात पर जोर दिया गया कि मुख्य मार्गों पर सब्जियां विक्रय नहीं हो। इस संबंध में कुछ स्थान चिन्हित किए जाएंगे। ऑटो चालकों, मैजिक चालकों को परिचय पत्र और आईडी नंबर देने, मुख्य बाजारों को हाकर फ्री करने पर भी विचार किया गया।

यातायात सिग्नल सुधार, नो व्हीकल जोन, हाईवे पर डार्क स्पॉट, हाई मास्ट लगाने, सोलर पैनल लगाने जैसे कई बिंदुओं पर चर्चा की गई जिन पर कार्य किया जाना है।

इस संबंध में कलेक्टर द्वारा जिला परिवहन अधिकारी, नगर निगम उपायुक्त, एसडीएम शहर तथा सीएसपी की संयुक्त टास्क फोर्स को निर्देशित किया गया कि वे शहर में अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें जिसके आधार पर विभिन्न कार्य किए जाना है।

### इन बिंदुओं पर हुई चर्चा

- मुख्य मार्गों पर सब्जियां विक्रय नहीं, कुछ स्थान चिन्हित किए जाएंगे
- ऑटो चालकों, मैजिक चालकों को परिचय पत्र और आईडी नंबर देने
- मुख्य बाजारों को हाकर फ्री करने
- यातायात सिग्नल सुधार,
- नो व्हीकल जोन,
- हाईवे पर डार्क स्पॉट,
- हाई मास्ट लगाने
- सोलर पैनल लगाने

[illegible] 19/8/21

# गाजर घांस जागरूकता सप्ताह प्रारंभ

रतलाम। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गाजर घास जागरूकता सप्ताह 16 से 22 अगस्त तक मनाया जा रहा है, जागरूकता अभियान में किसानों एवं आम नागरिकों को गाजर घास के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया जायेगा।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि गाजर घास जहाँ एक और मानव स्वास्थ्य एवं पशुओं में विभिन्न समस्याऐं पैदा करती है वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को भी दूषित करती है एवं उत्पादकता को कम करते हुए जैव विविधता को भी भारी नुकसान पहुंचाती है। गाजर घास जागरूकता अभियान में विभिन्न गतिविधिंयां आयोजित की जावेगी। जिसमें गाजर घास को उखाड़ना, मैक्सिकन बीटल कीड़ें को छोड़ना, शाकनाशियों का छिड़काव करना, उखाड़े गये गाजर घास से कम्पोस्ट खाद बनाना, स्कूली छात्रों द्वारा रैली का आयोजन व जागरूकता संदेश के बैनर लगाये जाना सम्मिलित है। नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि गाजर घास जागरूकता सप्ताह में आयोजित गतिविधियों में सम्मिलित होंवे साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के तहत अपने परिसर को गाँजर घास से मुक्त रखें।

प्रसारण 19/8/21

# तीसरी लहर के लिए जिले में बच्चों के सर्व सुविधायुक्त 300 बेड की तैयारियां अंतिम दौर में

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए रतलाम जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग तैयारियां लगातार जारी है। तीसरी लहर में बच्चों के संक्रमित होने के खतरे को देखते हुए रतलाम जिले में बच्चों के लिए 300 बेड तैयार किए जा रहे हैं। जिसमें से रतलाम के मेडिकल कॉलेज सहित बाल चिकित्सालय में सर्व सुविधायुक्त 75 बेड के वार्ड बनाने की तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। अगस्त महीने के अंत तक बाल चिकित्सालय के यह सर्व सुविधा युक्त वार्ड बनकर तैयार हो जाएंगे। खासबात यह है कि किसी प्ले स्कूल की तर्ज पर इन विशेष वार्डों को बनाया गया है। जिससे भविष्य में यहां भर्ती होने वाले बच्चों को बेहतर वातावरण मिल सकेगा। गौरतलब है कि रतलाम मेडिकल कॉलेज में साईं सेवा समिति की मदद से 30 बेड का बच्चों का वार्ड जून के महीने में ही बनकर तैयार हो चुका है।

**मेडिकल कॉलेज के बाद बाल चिकित्सालय में भी 75 बेड के वार्ड हो रहे तैयार**



वही जिले में बच्चों के लिए 300 सर्व सुविधा युक्त बेड तैयार करने का कार्य लगातार जारी है।

दरअसल कोरोना की दूसरी लहर के असर से सबक लेते हुए संभावित तीसरी लहर के लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने जून महीने से ही तीसरी लहर की संभावना को देखते हुए जिले में बच्चों के लिए 300 बेड के सर्व सुविधा युक्त वार्ड बनाने का निर्णय लिया था। जिसके अंतर्गत रतलाम मेडिकल कॉलेज में 75 बाल चिकित्सालय में 75 एवं जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर 150 सर्व सुविधायुक्त बेड के वार्ड तैयार किए जाने थे, जिसमें से अब रतलाम मेडिकल कॉलेज सहित बाल चिकित्सालय में 75 बेड के विशेष वार्ड लगभग बनकर तैयार हो चुके हैं। इन वार्डों में मेडिकल उपकरण इंस्टॉलेशन का कार्य जारी है। जिसके बाद अगस्त के अंत तक यह वार्ड पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो जाएंगे।

बहरहाल सामाजिक संस्थाओं की मदद से बाल चिकित्सालय की बिल्डिंग की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वहीं कुछ ही दिनों में बाल चिकित्सालय नये रूप में बच्चों के उपचार के लिए उपलब्ध हो सकेगा।

प्रसारण 19/8/21

**कार्यशाला** | **पूर्व में बने मकानों की निर्माण अनुमति स्वत: मान्य की जाए**

नईदुनिया

# अवैध कालोनी को वैध करने की शुरुआत रतलाम से हो



कार्यशाला को संबोधित करते हुए रतलाम शहर विधायक चेतन्य काश्यप। ● नईदुनिया

**रतलाम।** प्रदेश में अवैध कालोनियों को वैध करने के लिए नया कानून बनाए जाने पर शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए रतलाम से इस अभियान की शुरुआत करने का अनुरोध किया। वर्ष 2016 में भी अवैध कालोनियों को वैध करने की शुरुआत रतलाम से ही हुई थी, जो वर्ष 2018 में कांग्रेस शासन काल के दौरान हाईकोर्ट के फैसले के कारण के रोक दी गई थी।

काश्यप ने मंगलवार को भोपाल में नगरीय क्षेत्र में बेहतर कालोनाइजेशन तथा विकास विषय पर आयोजित कार्यशाला में अवैध कालोनियों के नियमितिकरण के साथ अविकसित एवं नई कालोनियों के साथ शहरों के सौंदर्यीकरण से जुड़े कई सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि अवैध कालोनियों के नियमितीकरण में निर्मित भवनों के लिए भवन अनुज्ञा की अनिवार्यता नहीं होना चाहिए। उसकी अनुज्ञा स्वत: मानी जाए। रहवासियों से लिए जाने वाले विकास शुल्क की राशि प्रति वर्गफीट पूरे प्रदेश में एक समान होना चाहिए। कालोनाइजर से वसूली की प्रक्रिया जारी रहे, लेकिन उसके कारण विकास कार्य बाधित नहीं होने चाहिए।

**शहर में 52 अविकसित कालोनियां :** काश्यप ने कहा कि शहर में 52 अविकसित कालोनियां है, जिनमें से 42 वर्ष 1998 के पूर्व की है। अवैध कालोनियों में बीस करोड़ के टेंडर के बाद प्रारंभ हुए काम अभी बंद पड़े हैं, उन्हें भी तत्काल शुरू किया जाए। वर्तमान में नगरीय उपकर का भुगतान निकायों को नहीं किया जा रहा है। रतलाम नगर निगम के ही 50 करोड़ का भुगतान भी अभी तक नहीं हुआ है। संशोधित कानून में नगरीय क्षेत्रों में बिल्डिंग लाइन में बने भवनों के अतिरिक्त निर्माण को वैध करने के लिए निर्मित क्षेत्र 10 से 30 प्रतिशत करना स्वागत योग्य है, लेकिन इसके लिए अग्र भाग में छोड़ने संबंधी भूमि विकास अधिनियम की शर्तों में सुधार किया जाना आवश्यक है। सामाजिक आर्थिक एवं पारिवारिक कारणों से होने वाले भूखंड विभाजन के मामलों में भी भवन अनुज्ञा दी जाए। अभी यह प्रविधान नहीं होने से लोगों परेशानी हो रही है।

## 27 आवेदनों का मौके पर किया निराकरण

**नीमच (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** जिले की जनपद पंचायत जावद के दूरस्थ सीमावर्ती गांव खातीखेड़ा में कलेक्टर मयंक अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा ने बुधवार को ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। शिविर में कुल 27 लोगों आवेदन प्रस्तुत किए, जिनका निराकरण संबंधित विभागों द्वारा शिविर में कर आवेदकों को अवगत कराया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गुरुप्रसाद, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजेंद्र सिंह, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ अरविंद डामोर, जनपद सीईओ अर्पित गुप्ता एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। शिविर में ग्वालियरकलां के नानूराम पुत्र गंगाराम एवं नारूसिंह ने कलेक्टर को बीपीएल में नाम जुड़वाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार रतनगढ़ को निर्देश दिए कि वे शिविर में प्राप्त सभी बीपीएल में नाम जोड़ने संबंधी आवेदनों का परीक्षण कर लें और पात्रता अनुसार बीपीएल कार्ड बनाकर दें।

नईदुनिया 19/8/21

# अवैध कॉलोनियों के वैध करने की शुरुआत रतलाम से हो

## पहले से स्वीकृत 20 करोड़ रुपए के काम भी जल्द पूरे कराए जाएं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

प्रदेश में अवैध कॉलोनियों को वैध करने की शुरुआत रतलाम से की जाए। 2016 में सबसे पहले अवैध कालोनियों को वैध करने की शुरुआत रतलाम ने की थी। 2018 में कांग्रेस सरकार में हाईकोर्ट के फैसले के कारण प्रक्रिया रोक दी गई तब तक कॉलोनियों का विकास करने टेंडर करके लगभग 20 करोड़ के काम प्रारंभ हुए थे। उन्हें तत्काल वापस शुरू करवाया जाए।

यह बात भोपाल में नगरीय क्षेत्र में बेहतर कॉलोनाइजेशन तथा विकास विषय पर कार्यशाला में विधायक चेतन्य काश्यप ने कही। विधायक ने कहा कि अवैध कॉलोनियों में विकास कार्य के लिए स्टाम्प ड्यूटी के साथ वसूल करने वाले नगरीय उपकर की राशि का उपयोग किया जा सकता है। वर्तमान में इसका भुगतान निकायों को नहीं किया जा रहा है। अकेले नगर निगम रतलाम को ही 50 करोड़ का भुगतान नहीं हुआ है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कार्यशाला के सुझावों पर विचार करने कमेटी गठित की जाएगी, जो एक माह में रिपोर्ट देगी।

### अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण के लिए विधायक ने दिए ये सुझाव

- निर्मित भवनों के लिए भवन अनुज्ञा लेने की अनिवार्यता नहीं होना चाहिए। उनकी अनुज्ञा स्वतः मानी जाए। राजस्व रिकॉर्ड में कॉलोनियों की भूमि के डायवर्शन को ही मान्यता दी जाए।
- रहवासियों से लिए जाने वाला विकास शुल्क की राशि प्रति वर्गफीट पूरे प्रदेश में एक समान होना चाहिए। शेष लागत के लिए विकास शुल्क में राज्य शासन और स्थानीय निकाय के अंशदान का स्पष्ट प्रावधान होना चाहिए।
- अवैध कॉलोनियों को लेकर कॉलोनाईजर से वसूली की कार्यवाही जारी रहे, लेकिन उसके कारण विकास कार्य बाधित नहीं होने चाहिए।
- संशोधित कानून में नगरीय क्षेत्रों में बिल्डिंग लाइन में बने भवनों के अतिरिक्त निर्माण को वैध करने के लिए निर्मित क्षेत्र 10 से 30 प्रतिशत किया जाना स्वागत योग्य है, लेकिन अग्र भाग में छोड़ने संबंधी भूमि विकास अधिनियम की शर्तों में सुधार किया जाना चाहिए।
- सामाजिक आर्थिक एवं पारिवारिक कारणों से होने वाले भूखंड विभाजन के मामलों में भी बिल्डिंग परमिशन देने का प्रावधान किया जाए।

### अविकसित कॉलोनियों के लिए अलग से नियम बनाएं

भास्कर

विधायक काश्यप ने कार्यशाला में कॉलोनाइजरों द्वारा काटी गई सालों से लंबित अविकसित कॉलोनियों के नियमितीकरण के लिए अलग से नियम बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा रतलाम में ऐसी 52 अविकसित कॉलोनियां है, जिनमें से 42 कॉलोनियों 1998 के पहले विकसित की गई थी। प्रदेश स्तर पर इन कॉलोनियों का आंकड़ा हजारों में हो सकता है।

दै. भास्कर 19/8/21

## बैठक में शहर की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई

# यातायात सुधार तथा शहरी व्यवस्था के लिए टास्क फोर्स रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी



प्रसारण न्यूज • रतलाम

**शहर में यातायात व्यवस्था के सुधार तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में यातायात उपसमिति की एक बैठक आयोजित हुई। कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित उक्त बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।**

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम नें निर्देश दिए कि अधिकारियों की टास्क फोर्स शहर की विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में अपनी अनुशंसा से अवगत कराएं। आगामी 31 अगस्त तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिला यातायात समिति के अनुमोदन पश्चात अमल किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, जिला परिवहन अधिकारी दीपक माझी, सीएसपी हेमंत चौहान, नगर निगम के उपायुक्त विकास सोलंकी तथा एम पी आर डी सी के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में रतलाम शहर में सब्जी व्यवसायियों की युक्तियुक्त ढंग से बैठक व्यवस्था पर विचार किया गया। इस बात पर जोर दिया गया कि मुख्य मार्गों पर सब्जियां विक्रय नहीं हो, इस संबंध में कुछ स्थान चिन्हित किए जाएंगे। ऑटो चालकों, मैजिक चालकों को परिचय पत्र और आई डी नंबर देने, मुख्य बाजारों को हॉकर फ्री करने पर भी विचार किया गया। यातायात सिग्नल सुधार, नो व्हीकल जोन, हाईवे पर डार्क स्पॉट, हाई मास्ट लगाने, सोलर पैनल लगाने जैसे कई बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिन पर कार्य किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा जिला परिवहन अधिकारी, नगर निगम उपायुक्त, एस डी एम शहर तथा सी एस पी की संयुक्त टास्क फोर्स को निर्देशित किया गया कि वे शहर में अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिसके आधार पर विभिन्न कार्य किए जाना है। प्रसारण

## बाइक चोरी होने पर स्टेशन रोड़ थाने में दर्ज कराई ऑन लाइन एफ आई आर

प्रसारण न्यूज • रतलाम

आम नागरिकों के लिए मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा शुरू की गई ई-एफआईआर सुविधा के अंतर्गत रतलाम में पहली ई एफ आई आर स्टेशन रोड़ थाने में दर्ज हुई है, जिसमें मिड टाउन निवासी लक्ष्मण सिंह ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई है, जिसमें शिकायतकर्ता लक्ष्मणसिंह ने बताया कि घर के बाहर से उनकी मोटर साइकिल अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गए हैं, जिसके बाद स्टेशन रोड़ थाना पुलिस ने ई एफ आई आर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ऐसे दर्ज कराई जा सकती है ई एफआईआर

मध्य प्रदेश के नागरिक एम पी पुलिस की वेबसाइट, सिटीजन पोर्टल या मध्य प्रदेश पुलिस के ईकॉप पर अपनी यूजर आईडी बनाकर लॉग इन कर सकते हैं। जहां ई एफ आई आर के विकल्प पर क्लिक कर शिकायतकर्ता साधारण चोरी या वाहन चोरी संबंधित अपराध की एफ आई आर दर्ज करवा सकते हैं। वर्तमान में ई एफ आई आर 15 लाख रुपए से कम कीमत के वाहन चोरी के मामले, ऐसे मामले जिनमें आरोपी अज्ञात हो, साइबर अपराध और ऐसी घटना जिसमें चोंट या बल का प्रयोग नहीं हुआ हो, जैसे मामलों में दर्ज करवाई जा सकती है। मध्य प्रदेश पुलिस के पोर्टल पर ई एफ आई आर दर्ज करते ही संबंधित थाना प्रभारी के मोबाइल नंबर पर एफ आई आर की सूचना पहुंच जाती है, जिस पर संबंधित थाना पुलिस कार्रवाई प्रारंभ कर देती है।

प्रसारण 19/8/21

# टास्क फोर्स की रिपोर्ट से तय होंगे ट्रैफिक सुधार के इंतजाम

## कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक में दिए निर्देश, 31 अगस्त तक देगी रिपोर्ट

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर में बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था के सुधार व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अब टास्क फोर्स विस्तृत रिपोर्ट बनाएगी। इस रिपोर्ट के आधार पर जरूरी इंतजाम किए जांगे। बुधवार को कलेक्टर कक्ष में यातायात उपसमिति की बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिला परिवहन अधिकारी, नगर निगम उपायुक्त, एसडीएम शहर तथा सीएसपी की संयुक्त टास्क फोर्स गठित की।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अधिकारियों की टास्क फोर्स 31 अगस्त तक रिपोर्ट प्रस्तुत करे। जिला यातायात समिति के अनुमोदन के बाद इस पर अमल किया जाएगा। बैठक में एसपी गौरव तिवारी, एडीएम जमुना भिड़े, एएसपी सुनील पाटीदार, जिला परिवहन अधिकारी दीपक माझी, सीएसपी हेमंत चौहान, नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी तथा एमपीआरडीसी के अधिकारी उपस्थित रहे।



रतलाम में बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था के चलते आबकारी चौराहा पर जाम में फंसे वाहन चालक। ● नईदुनिया



### इन मुद्दों पर हुई चर्चा

आटो-मैजिक चालकों को परिचय पत्र और आइडी नंबर देने, मुख्य बाजारों को हाकर फ्री करने, यातायात सिग्नल सुधार, नो व्हीकल जोन, हाईवे पर डार्क स्पाट, हाइमास्ट लगाने, सोलर पैनल लगाने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

### बदहाल ट्रैफिक के ये प्रमुख कारण

**सड़क पर सब्जी मंडी :** शहर में राममंदिर, पैलेस रोड, टीआइटी रोड, नीमचौक, त्रिपोलिया गेट रोड, घास बाजार क्षेत्र में सड़क के किनारे सब्जी बेचने वालों के कारण यातायात बाधित होता है। समाधान के तौर पर धानमंडी के समीप काशीनाथ का नोहरा में सब्जी मंडी स्थानांरित करने की योजना पर गत 10 वर्षों से विचार किया जा रहा है, लेकिन अमल नहीं हो पाया। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि मुख्य मार्गों पर सब्जियां विक्रय नहीं हो। इस संबंध में कुछ स्थान तय किए जाएंगे।

**अतिक्रमण :** शहर के प्रमुख बाजारों में ट्रैफिक जाम की समस्या दिन भर बनी रहती है। अतिक्रमण, गुमटियों के कारण वाहनों की पार्किंग सड़क पर ही कर दी जाती है। चांदनी चौक, नौलाईपुरा, चौमुखीपुल की सड़कें रात में पर्याप्त चौड़ी नजर आती हैं, लेकिन दिन में यहां पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।

**व्यावसायिक भवनों में पार्किंग की जगह नहीं :** माणक चौक, डालूमोदी बाजार, हरदेवलाला की पीपली, चौमुखी पुल, नाहरपुरा, राम मंदिर रोड, धानमंडी, पोरवाड़ों का वास, हनुमान रूंडी आदि क्षेत्र में बड़े व्यावसायिक भवन बन गए, लेकिन स्वीकृत नक्शे के मान से पार्किंग के इंतजाम यहां नहीं हैं। नगर निगम ने चांदनीचौक स्थित आजाद चौक में अंदर पार्किंग के लिए इंतजाम किए गए थे, लेकिन यहां वाहन खड़े नहीं किए जाते हैं।

नईदुनिया


नईदुनिया 19/8/21

# शहर की ऐतिहासिक धरोहर ठेकेदार की लापरवाही से खा रही धूल

**रतलाम ▪ राज न्यूज नेटवर्क**

शहर की ऐतिहासिक धरोहर इन दिनों जिम्मेदारों की उदासीनता और ठेकेदार की लापरवाही की वजह से धुल खा रही है। सिटी फोरलेन निर्माण करने वाले ठेकेदार द्वारा ऐतिहासिक धरोहर महाराजा सज्जनसिंह की प्रतिमा के आसपास गंदे टाट रख दिए हैं जिसकी वजह से यहां गदंगी फेल रही है।

शहर के प्रमुख मार्ग दो बत्ती स्थित महाराज सज्जनसिंह की प्रतिमा के आसपास ठेकेदार रुपेश पिरोदिया द्वारा गंदे ताट को प्रतिमा स्थल के आसपास रख दिया गया है जिसकी वजह से ऐतिहासिक धरोहर की खुबसुरती धूमिल हो रही है और इस तरह की गंदगी से यह क्षतिग्रस्त भी हो सकती है। इस मार्ग का काम पुरा हो चुके करीब एक हफ्ता हो गया है, लेकिन यहां से अभी तक यह टाट नही उठाए गए है। इस मार्ग से रोजाना जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधियों का भी निकलना होता है, लेकिन इन जिम्मेदारों द्वारा इस तरह अनदेखी करना समझ से परे है। वहीं ठेकेदार की इस तरह की लापरवाही के कारण शहरवासियों में भी आक्रोश पैदान हो रहा है।



२१५

राज एक्सप्रेस 19/8/21

**शहर में नगर निगम का अमला ठीक से न दवा का छिड़काव कर रहा है और न फॉगिंग**

# जिले में लगातार बढ़ रहा डेंगू का खतरा

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर में डेंगू का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। हर दिन किसी न किसी क्षेत्र में नए मरीज सामने आ रहे हैं। इन सब के बावजूद शहर में जिन लोगों की इस पर कंट्रोल करने की जिम्मेदारी वह लापरवाह बन बैठे नजर आ रहे हैं। बारिश का मौसम होने से डेंगू का खतरा और बढ़ गया है, बावजूद इसके शहर में नगर निगम की टीम के द्वारा न तो ठीक से दवा का छिड़काव किया जा रहा है और ना ही फागिंग की जा रही है जिससे कि इस पर काबू पाया जा सके।

## घरों में मिल रहा लार्वा

डेंगू के लगातार मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से शहर के पूरे 49 वार्डों में सर्वे कार्य कराया जा रहा है जिससे यह पता चल सके कि किन घरों में किस तरह के मरीज हैं। यदि किसी घर में सर्दी, जुकाम या बुखार के मरीज मिल रहे हैं तो उनकी भी जांच की जा रही है। इतना ही नहीं जब टीम के द्वारा घरों में पानी के बर्तनो को देखा गया तो कुछ घरों में लार्वा नजर आया जिसके बाद टीम ने उक्त पानी को खाली कराया है। लोगों को समझाइश भी दी कि अनावश्यक रूप से घरों में पानी के बर्तन भर के ना रखें।

## अब तक 154 से अधिक मरीज मिले

रतलाम शहर में अब तक डेंगू के 154 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। हर दिन 2 से 3 मरीज सामने आ रहे हैं जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग और मलेरिया विभाग की चिंता बढ़ रही है। ऐसे में 10 दिन बाद फिर से बारिश की शुरुआत होने से परेशानी और बढ़ गई है क्योंकि एक बार फिर खराब सड़कों पर उभरे गड्ढों में पानी जमा हो गया है जिससे कि अब फिर से मच्छरों के पनपने की संभावना बढ़ गई है।

### कर रहे दवा छिड़काव

डेंगू की शुरुआत होते ही वार्डों में दवाई का छिड़काव कार्य शुरू कर दिया गया है, जो संक्रमण वाले क्षेत्र सामने आ रहे है, वहां फागिंग कार्य रात के समय किया जा रहा है।

**सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

## विभाग अन्य जिलों की कर रहे मदद

डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच रतलाम में पदस्थ मलेरिया विभाग के अमले को संभाग के अन्य जिलों में भी मदद के लिए याद किया जा रहा है। दरअसल गिनती के लोग होने के बाद भी टीम के द्वारा लगातार अन्य-जिलों में जाकर फॉगिंग मशीन चलाने सहित डेंगू पर किस तरह से नियंत्रण किया जा सकता है, उसकी प्लानिंग समझाई जा रही है लेकिन रतलाम शहर में स्थानीय नगर निगम की मदद नहीं मिलने से यहां अब हालात बिगड़ने लगे हैं।

पत्रिका 19/8/21

# 26 रिपोर्ट में चार डेंगू के नए मरीज मिले

### 11 दलों ने शहर के 425 घरों का किया सर्वे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिला अस्पताल लैब के एलाइजा टेस्ट की 26 रिपोर्ट में बुधवार को फिर चार डेंगू के नए मरीज मिले हैं। साथ ही 11 दलों ने शहर के 425 घरों पर फीवर सर्वे किया, जिसमें छह बुखार के मरीज मिले। इन मरीजों का एलाइजा टेस्ट कराया जाएगा।

इस साल शहर में अब तक 85 डेंगू के मरीज मिल चुके हैं, जबकि जिले में यह संख्या 124 हो गई है। यह आंकड़ा पिछले साल मिले 42 मरीजों की तुलना में करीब तीन गुना है। संदिग्ध मरीजों की संख्या अलग है।

हालांकि लगातार उपचार से मरीज स्वस्थ्य भी हो रहे हैं और अधिकांश को घर में उपचार दिया जा रहा है। इस बार डेंगू के लक्षणों में भी बदलाव आया है। कई ऐसे मरीज भी डेंगू पाजिटिव हो चुके हैं, जिन्हें कोरोना भी हुआ था। बुधवार से फिर सर्वे चालू हो गया और अभी लगातार जारी रहेगा।

जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि सर्वे के आधार पर रेड जोन भी चिह्नित कर रहे हैं और लगातार सर्वे कराएंगे। अब समान्य बुखार के मरीजों को भी डेंगू संदिग्ध मानकर एलाइजा टेस्ट करा रहे हैं। इससे एक भी मरीज छूटने नहीं पाएगा। सर्वे के दौरान लार्वा नष्ट कराया जा रहा है और लोगों को बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं।

नईदुनिया 19/8/21

# निर्माण सामग्री फैलाने,अतिक्रमण करने का 2 पर जुर्माना

रतलाम । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, भवन निर्माण सामग्री फैलाकर अतिक्रण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 17 अगस्त को 2 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार भवन निर्माण सामग्री फैलाकर अतिक्रमण करने पर आकाश जैन मेहताजी का वास पर 5000 व रमेशचन्द्र परमार लक्कड़पीठा रोड़ पर 2500 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया। नवभारत

नवभारत 19/8/21

शहर में यातायात व्यवस्था को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन ने बनाई कार्ययोजना

# यातायात सुधार तथा शहरी व्यवस्था के लिए टास्क फोर्स करेगी रिपोर्ट प्रस्तुत

2/5

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क


रतलाम शहर में यातायात व्यवस्था के सुधार तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में यातायात उपसमिति की एक बैठक आयोजित हुई। कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित उक्त बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि अधिकारियों की टास्क फोर्स शहर की विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में अपनी अनुशंसा से अवगत कराएं। आगामी 31 अगस्त तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिला यातायात समिति के अनुमोदन पश्चात अमल किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, जिला परिवहन अधिकारी श्री दीपक माझी, सीएसपी हेमंत चौहान, नगर निगम के उपायुक्त विकास सोलंकी तथा एमपीआरडीसी के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में रतलाम शहर में सब्जी व्यवसायियों की युक्तियुक्त ढंग से बैठक व्यवस्था पर विचार किया गया। इस बात पर जोर दिया गया कि मुख्य मार्गों पर सब्जियां विक्रय नहीं हो। इस संबंध में कुछ स्थान चिन्हित किए जाएंगे। ऑटो चालकों, मैजिक चालकों को परिचय पत्र और आईडी नंबर देने, मुख्य बाजारों को हाकर फ्री करने पर भी विचार किया गया। यातायात सिग्नल सुधार, नो व्हीकल जोन, हाईवे पर डार्क स्पॉट, हाई मास्ट लगाने, सोलर पैनल लगाने जैसे कई बिंदुओं पर चर्चा की गई जिन पर कार्य किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा जिला परिवहन अधिकारी, नगर निगम उपायुक्त, एसडीएम शहर तथा सीएसपी की संयुक्त टास्क फोर्स को निर्देशित किया गया कि वे शहर में अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें जिसके आधार पर विभिन्न कार्य किए जाना है।



राज एक्सप्रेस 19/8/21

# वर्षभर विभिन्न आयोजनों के साथ मनाएंगे अमृत महोत्सव : विधायक काश्यप



रतलाम। भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होना हर देशवासी के लिए गौरवपूर्ण है। रतलाम में भी स्वतंत्रता का 75 वां वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में गरिमामय आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए विधायक चेतन्य काश्यप ने प्रबुद्धजनों शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय वाते, शिक्षाविद् डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला, प्रोफेसर प्रदीपसिंह राव, निर्मल लुनिया को आमंत्रित कर चर्चा की। चर्चा के दौरान पूरे वर्ष विभिन्न वर्गों के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के साथ-साथ अमृत महोत्सव रतलाम के नाम से समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। समिति स्वतंत्रता के आंदोलन में रतलाम की भूमिका विषय पर विशेष आयोजन करेगी। विधायक श्री काश्यप ने कहा कि अमृत महोत्सव पूरे देश में आयोजित हो रहा है। रतलाम में भी इसकी गरिमा अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अमृत महोत्सव के तहत बुद्धिजीवियों, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करने के साथ-साथ स्वतंत्रता से जुड़ी स्मृतियों पर केंद्रित व्याख्यान एवं प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। स्वाधीनता संग्राम सैनानियों पर आधारित परिचर्चा का आयोजन भी होगा। श्री काश्यप ने कहा कि अमृत महोत्सव के तहत होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु समिति का गठन जल्द किया जाएगा। समिति द्वारा अक्टूबर माह से अमृत महोत्सव के आयोजनों की शुरूआत की जाएगी।

नवभारत 17/8/21

# रतलाम में वर्ष भर विभिन्न आयोजनों के साथ मनाएंगे अमृत महोत्सव- काश्यप

**रतलाम ●** स्वतंत्रता का 75वां वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में रतलाम में भी गरिमामय आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए विधायक चेतन्य काश्यप ने प्रबुद्धजनों शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय वाते, शिक्षाविद् डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला, प्रोफेसर प्रदीपसिंह राव, निर्मल लुनिया को आमंत्रित कर चर्चा की। चर्चा के दौरान पूरे वर्ष विभिन्न वर्गों के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के साथ-साथ अमृत महोत्सव रतलाम के नाम से समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। समिति स्वतंत्रता के आंदोलन में रतलाम की भूमिका विषय पर विशेष आयोजन करेगी।

अमृत महोत्सव के तहत बुद्धिजीवियों, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करने के साथ-साथ स्वतंत्रता से जुड़ी स्मृतियों पर केंद्रित व्याख्यान एवं प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। स्वाधीनता संग्राम सैनानियों पर आधारित परिचर्चा का आयोजन भी होगा। श्री काश्यप ने कहा कि अमृत महोत्सव के तहत होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु समिति का गठन जल्द किया जाएगा।

स्वदेश 17/8/21

## गोगा नवमी के पहले वेतन मांगा



रतलाम, नप्र। गोगा नवमी त्यौहार के पहले नगर के सफाई कर्मचारियों को वेतन दिया जाए। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज जिला शहर शाखा ने इस मांग के संबंध में नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन दिया।

## रतलाम में भी मनेगा अमृत महोत्सव

रतलाम, नप्र। भारत की आजादी के 75 बरस पूरे होना हर देशवासी के लिए गौरवपूर्ण है। रतलाम में भी स्वतंत्रता का 75 वां वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में गरिमामय आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए विधायक चेतन्य काश्यप ने प्रबुद्धजनों शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय वाते, डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला को बुलाकर चर्चा की। प्रभा. 18

प्रभातकिरण 18/8/



# हनुमान ताल से प्रारंभ हुआ गाजर घास जागरूकता सप्ताह

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

खरपतवार अनुसंधान निदेशालय के निर्देशानुसार इस वर्ष भी गाजर घास जागरूकता सप्ताह 16 अगस्त से प्रारंभ किया गया है, जो 22 अगस्त तक मनाया जाएगा। इस सप्ताह के तहत शहरभर में फैली गाजर घास को हटाने का काम नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। साथ ही किसानों एवं आम नागरिकों को गाजर घास के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ हनुमान ताल से किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि गाजर घास जहां एक ओर मानव स्वास्थ्य एवं पशुओं में विभिन्न समस्याएं पैदा करती है वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को भी दूषित करती है एवं उत्पादकता को कम करते हुए जैव विविधता को भी भारी नुकसान पहुंचाती है। गाजर घास जागरूकता अभियान में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी जिसमें गाजर घास को उखाड़ना, मैक्सिकन बीटल कीड़ों को छोड़ना, शाकनाशियों का छिड़काव करना, उखाड़े गए गाजर घास से कम्पोस्ट खाद बनाना, स्कूली छात्रों द्वारा रैली का आयोजन व जागरूकता संदेश के बैनर लगाए जाना सम्मिलित है।

नगर निगम ने अपील की है कि गाजर घास जागरूकता सप्ताह में आयोजित गतिविधियों में सम्मिलित हों ,साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के तहत अपने परिसर को गाजर घास से मुक्त रखें।

स्वदेश 19/8/21

## ताकी कोई छूटे नाः असहाय लोगों के घर पहुंच लगाई कोविड वैक्सीन



पत्रिका

रतलाम. शहर में बुधवार से स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आमजन के घर पहुंचकर वैक्सीन लगाए जाने के काम की शुरुआत कर दी है। इसके तहत प्रशासन द्वारा ऐसे बुर्जुग और असहाय लोग जो कि वैक्सीन लगवाने के लिए केंद्र पर नहीं पहुंच सकते हैं, उनके लिए घर जाकर वैक्सीन लगाने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद ऐसे लोगों की जानकारी मिलने के बाद उन्हे चिन्हित करने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा न्यू रोड निवासी किशनचंद कुकरेजा 84 वर्ष और पत्नी जानकी कुकरेजा को उनके घर पर जाकर वैक्सीन लगाया गया। टीम के तीन सदस्यों में लोकेश वैष्णव, मनीषा वर्मा और सत्यजीत शामिल थे।

पत्रिका 19/8/21

प्रसारण

## आज शहर के पांच स्थानों पर कोविड का वैक्सीनेशन किया जाएगा

रतलाम। शहरी क्षेत्र में कम्युनिटी हॉल अल्कापुरी और काश्यप सभागृह सागोद रोड़ पर कोविशील्ड के केवल दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा। न्यू कलेक्टोरेट केंद्र पर विदेश यात्रा करने वाले एवं शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों का कोविशील्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

ऑनलाईन प्री स्लॉट बुकिंग कराने वाले लोगों के लिए रतलाम शहर के आफिसर्स क्लब डीआरएम आफिस दो बत्ती रोड एवं आईएमए हॉल गौशाला रोड केन्द्र पर कोविशील्ड के पहले डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

प्रसारण 19/8/21

## आज शहर में पांच स्थानों पर होगा वैक्सीनेशन


रतलाम। शहरी क्षेत्र में गुरुवार को कम्युनिटी हाल अलकापुरी और काश्यप सभागृह सागोद रोड पर कोविशील्ड



दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा। न्यू कलेक्टोरेट केंद्र पर विदेश यात्रा करने वाले एवं शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को टीका लगाया जाएगा। आनलाइन प्री स्लाट बुकिंग वाले लोगों के लिए आफिसर्स क्लब डीआरएम आफिस दो बती रोड एवं आइएमए हाल गौशाला रोड केंद्र पर कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा।

नईदुनिया 19/8/21.

## गाजर घांस देख आयुक्त खुद उतरे मैदान में



रतलाम. शहर में खरपतवार अनुसंधान निदेशालय के निर्देश पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गाजर घास जागरूकता सप्ताह 16 से 22 अगस्त तक मनाया जा रहा है। इसके अंगर्तत बुधवार को हनुमान ताल पर जब गाजर घांस को हटाया जा रहा था तो नगर निगम आयुक्त स्वयं को नहीं रोक पाए। स्वयं ही मैदान में उतर गए। उन्होंने खड़े रहकर सफाई, बिनाई व दवाई छिड़काव करवाया। आयुक्त झारिया ने इस दौरान बताया जागरूकता अभियान में किसानों एवं आम नागरिकों को गाजर घास के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया जाएगा। गाजर घास जहां एक और मानव स्वास्थ्य एवं मवेशी में विभिन्न समस्याएँ पैदा करती है वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को भी खराब करती है। बुधवार को अभियान अंतर्गत जब निरीक्षण करने आयुक्त झारिया गए तो स्वयं भी सफाई कार्य में लग गए।

पत्रिका

पत्रिका 19/8/21

## गाजर घास जागरूकता सप्ताह प्रारंभ

रतलाम। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय के निर्देशानुसार गाजर घास जागरूकता सप्ताह 16 से 22 अगस्त तक मनाया जा रहा है। जागरूकता अभियान में किसानों एवं आम नागरिकों को गाजर घास के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक कर रहे हैं। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि गाजर घास जहां एक और मानव स्वास्थ्य एवं पशुओं में विभिन्न समस्याएँ पैदा करती है वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को भी दूषित करती है एवं उत्पादकता को कम करते हुए जैव विविधता को भी भारी नुकसान पंहुचाती है। गाजर घास जागरूकता अभियान में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जावेगी जिसमें गाजर घास को उखाड़ना, मैक्सिकन बीटल कीड़ों को छोड़ना, उखाड़े गये गाजर घास से कम्पोस्ट खाद बनाना, स्कूली छात्रों द्वारा रैली का आयोजन व जागरूकता संदेश के बैनर लगाये जाना सम्मिलित है। नवभारत

नवभारत 19/8/21